**नस्लीय समानता के प्रोत्साहन के लिए**
**मौजूदा और नियोजित उपाय**

**हांगकांग मॉनेटरी अथॉरिटी**

हांगकांग मॉनेटरी अथॉरिटी (HKMA) हांगकांग का केंद्रीय बैंकिंग संस्थान है: HKMA के चार मुख्य कार्य हैं:

- लिंक्ड एक्सचेंज रेट सिस्टम के फ्रेमवर्क में करेंसी स्थायित्व कायम रखना;
- बैंकिंग प्रणाली सहित वित्तीय प्रणाली के स्थायित्व और अखंडता को प्रोत्साहन देना;
- एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में हांगकांग के दर्जे को कायम रखने में सहायता करना, जिसमें हांगकांग की वित्तीय बुनियादी संरचना का रखरखाव और विकास करना शामिल है; और
- विनिमय निधि का प्रबंधन करना.

HKMA पब्लिक के सभी सदस्यों को उनकी नस्लीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना अपनी सेवाओं तक समान पहुँच देने को महत्व देता है.

## A. <u>HKMA द्वारा उपलब्ध विभिन्न सार्वजनिक सेवाओं और जानकारी तक पहुँच</u>

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | ● HKMA सामान्य पब्लिक को विभिन्न सेवाएं और जानकारी प्रदान करता है जो HKMA की कार्यप्रणाली के लिए प्रासंगिक हैं. |
| मौजूदा उपाय | ● सभी जानकारी जहां तक संभव है इंग्लिश और चीनी भाषा में HKMA की आधिकारिक वेबसाइट, सूचना केंद्र, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों, सूचना पत्रों और इश्तिहारों पर उपलब्ध है.<br><br>● HKMA की पूछताछ और शिकायत निष्पादन सेवाएं लिखित और मौखिक रूप से इंग्लिश और चीनी दोनों भाषाओं में उपलब्ध हैं. |

- HKMA ने आम लोगों के लिए आवश्यकतानुसार मुफ्त टेलीफोन दुभाषिया सेवाएं लागू की हैं यदि वे HKMA की हॉटलाइनों के द्वारा पूछताछ या शिकायतें करना चाहतें हों, परंतु इंग्लिश या चीनी भाषा में धाराप्रवाह नहीं बोल सकते हैं। दुभाषिया सेवाओं में आठ भाषाएं - बहासा इण्डोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, टैगलॉग, थाई, उर्दू और वियतनामी कवर की जाती हैं.

- HKMA की आधिकारिक वेबसाइट पर "स्मार्ट कंज्यूमर्स" सेक्शन में एक समर्पित वेबपेज (https://www.hkma.gov.hk/eng/smart-consumers/information-in-other-languages/) आठ भाषाओं में (जैसे बहासा इण्डोनेशियाई, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, टैगलॉग, थाई, उर्दू और वियतनामी) में निम्नलिखित विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है:
  - खाता खोलना
  - ग्राहकों से निष्पक्ष व्यवहार चार्टर
  - ऑटोमेटेड टैलर मशीन (ATM) उपयोग करने के बारे में सुरक्षा सुझाव
  - कोड ऑफ बैंकिंग प्रैक्टिस के सामान्य सिद्धांत
  - डोरमेंट अकाउंट्स को समझना
  - फाइनेंशियल हेल्थ
  - निवेश सुरक्षा स्कीम

भविष्य के कार्य का आकलन

- HKMA समय-समय पर अपनी सेवाओं की समीक्षा करता है और जहां आवश्यक हो वहां अपने स्टाफ और आम लोगों के फीडबैक / सुझावों को लेकर सुधार करता है.

अतिरिक्त उपाय किए गए / किए जाने वाले

- HKMA आवश्यकता पड़ने पर जानकारी / पत्रिका(ओं) का अन्य भाषाओं में अनुवाद करवाना जारी रखेगा। ऐसी जानकारी / पत्रिका(ओं) को HKMA की वेबसाइट पर उपयुक्त रूप से अपलोड किया जाएगा।.

## B. स्टाफ का प्रशिक्षण

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • HKMA अपने वैधानिक कार्यों के निष्पादन में सुविधा के लिए स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान करता है. |
| मौजूदा उपाय | • भेदभाव-रोधी मामलों और संवेदनशीलता के संबंध में स्टाफ की जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण, क्विज और ईमेल अलर्ट की व्यवस्था / प्रसारित किए जाते हैं. स्टाफ के आसान संदर्भ के लिए प्रासंगिक दिशानिर्देश और अध्यादेश भी इन-हाउस वर्चुअल नॉलेज सेंटर में केंद्रीकृत किए गए हैं. |
| भविष्य के कार्य का आकलन | • HKMA समय-समय पर अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करता है और जहां आवश्यक हो वहां अपने स्टाफ के फीडबैक / सुझावों को लेकर सुधार करता है. |
| अतिरिक्त उपाय किए गए / किए जाने वाले | • स्टाफ का प्रशिक्षण नियमित आधार पर ईक्वल ऑपुर्चनिटी कमीशन और अन्य प्रासंगिक संगठनों के सहयोग से संचालित किया जाता है.. |

नस्लीय समानता के प्रोत्साहन से जुड़े हमारे उपायों के बारे में पूछताछ के लिए कृपया, मैनेजर (कार्पोरेट डेवलपमेंट) से निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से संपर्क करें -

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन नं. | : | 2878 8196 |
| फैक्स नं. | : | 2878 8197 |
| ईमेल एड्रेस | : | publicenquiry@hkma.gov.hk |
| डाक का पता | : | 55वां फ्लोर, टू इंटरनेशनल फाइनेंस सेंटर, 8 फाइनेंस स्ट्रीट, सेंट्रल, हांगकांग |

हांगकांग मॉनेटरी अथॉरिटी

जून 2025